an>

Title: Need to develop the Airport in Dhanbad, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदया, गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद जिला और गिरिडीह जिले के अंतर्गत जैनियों का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल पारसनाथ मधुबन है जो जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं गिरिडीह से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर हिन्दुओं का महान् तीर्थ स्थल देवघर है। इन तीर्थ स्थलों पर करोड़ों भक्तों द्वारा जलाभिÂषेक किया जाता है। देश-विदेश से लोग आते हैं। इन क्षेत्रों के समीप सरकारी लोक उपकरण जैसे डीवीसी, सीसीएल, बीसीसीएल के प्रतिÂठान हैं। वर्तमान में धनबाद जिले और गिरिडीह जिले में हैलिपैड का निर्माण करवाया जाए ताकि वहां से तीर्थ स्थल में जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र का भी निराकरण पर्यटक के माध्यम से हो सके। अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि इससे राजस्व की वृद्धि होगी। झारखंड नया राज्य है, इससे प्रगति भी होगी।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री निशिकान्त दुबे,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता और

श्री आलोक संजर को श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।